AADHAAR

JANSATTA, Delhi, 6.3.2018
Page No. 10, Size:(9.71)cms X (15.13)cms.

# फिनटेक क्षेत्र में नियमनों को लचीला बनाने को सरकार ने समिति बनाई

नई दिल्ली, 5 मार्च (भाषा)।

वित्त मंत्रालय ने फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी) से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार को आठ सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह समिति नियमनों को लचीला बनाने और वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहन देने पर काम करेगी।

वित्त मंत्रालय ने सोमवार को बयान में कहा कि आर्थिक मामलों के सचिव की अगुआई वाली समिति फिनटेक या वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र में उद्यमशीलता के विस्तार के उपाय सुझाएगी। इस क्षेत्र में अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत मजबूत स्थिति में है। वित्त मंत्रालय के तहत आर्थिक मामलों के विभाग ने कहा- वित्त मंत्री अरुण जेटली द्वारा बजट 2018-19 में की गई घोषणा के अनुरूप आर्थिक मामलों के सचिव की अध्यक्षता में एक संचालन समिति का गठन किया गया है। समिति इस बारे में भी सुझाव देगी कि कैसे फिनटेक के इस्तेमाल से सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्योगों में वित्तीय समावेशन का विस्तार किया जा सकता है।

समिति के अन्य सदस्यों में इलेक्ट्रानिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव, वित्तीय सेवा सचिव, एमएसएमई सचिव और केंद्रीय उत्पाद व सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीईसी) के चेयरपर्सन शामिल हैं। इसके अलावा भारत विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआईए: के सीईओ तथा रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर भी समिति में होंगे।